# DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR
## QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR ANNUAL (2017-18)
## SUBJECT- HINDI (2L)
## CLASS-VII

**Annual Syllabus –**

**साहित्य** – कोणार्क की आत्मकथा, परीक्षा, दोहा दशक, क्या निराश हुआ जाए, ठुकरा दो या प्यार करो, प्रियतम, हार की जीत।

**कहानी संचय - धोखेबाज मित्र।**

**व्याकरण** – वाक्य-परिवर्तन, वाक्यांशों के लिए एक शब्द (19-36), मुहावरे (25-50), लोकोक्तियाँ (14-28), विलोम (आगत से इहलोक तक), पर्यायवाची (20-40), विराम-चिह्न, वाक्य शुद्धीकरण, 'र' के विभिन्न रूप, समास, कारक अपठित गद्यांश एवं पद्यांश।

**रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक और औपचारिक पत्र लेखन, चित्र वर्णन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन।**

---

## साहित्य

### कोणार्क की आत्मकथा

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) कोणार्क मंदिर का निर्माण किसने और कब करवाया?

ii) कोणार्क के संबंध में कौन-सी किंबदंती प्रचलित है? अपनी किन विशेषताओं के कारण कोणार्क मंदिर प्रसिद्ध है ?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iii) समय का चक्र सूर्य द्वारा संचालित कैसे होता है? यदि सूर्य का अस्तित्व समाप्त हो जाए तो क्या होगा ?

iv) सूर्य का रथ किसका प्रतीक है एवं इसकी क्या विशेषता है? कोणार्क के सूर्य मंदिर का निर्माण क्यों हुआ ?

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

v) आपने कई ऐतिहासिक मंदिरों के संबंध में पढ़ा और सुना होगा। क्या कोणार्क की कला अन्य मंदिरों की कला से श्रेष्ठ है? स्पष्ट करें।

vi) 'इन पत्थरों की भाषा मनुष्य की भाषा को कहीं पीछे छोड़ देती है।'इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

या

क्या पत्थर अपनी कहानी स्वयं कहते हैं? 'कोणार्क की आत्मकथा' पाठ के आधार पर इस बात को स्पष्ट कीजिए ।

### परीक्षा

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) दीवान पद के उम्मीदवार में किन-किन गुणों का होना आवश्यक था? पंडित जानकीनाथ को ही दीवान का पद क्यों दिया गया?

ii) किसान को नाले में फँसे देखकर किसी ने भी उसकी मदद क्यों नहीं की? नौजवान ने किसान की गाड़ी किस प्रकार निकाली?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iii) सरदार सुजान सिंह दीवान का पद क्यों छोड़ना चाहते थे?

iv) यदि आप किसी व्यक्ति को मुसीबत में देखेंगे तो क्या करेंगे?

v) किसान युवक के सामने हाथ जोड़कर क्यों खड़ा हो गया?

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

vi) 'शिक्षा से अधिक महत्व कर्म एवं सद्गुणों का होता है।' 'परीक्षा' पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

दोहा दशक

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) सच्चे मित्र में किन-किन गुणों का होना आवश्यक है? इससे संबंधित दोहा सिखिए। ?

ii) कैसे मनुष्य के हृदय में ईश्वर का निवास होता है?

iii) गुरु को गोविंद से श्रेष्ठ क्यों माना गया है?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iv) मन की व्यथा को दूसरे के सामने प्रकट करने से क्या होगा?

v) कबीरदास ने अपने दोहों में क्या संदेश दिया है? संत कबीर की भाषा क्या है ?

vi) रहीमदास जी ने अपने दोहों में क्या संदेश दिया है? कबीरदास तथा रहीमदासजी की रचनाओं के नाम लिखिए ।

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

vii) 'जीवन के कुछ शाशवत नैतिक मूल्य होते हैं जो जीवन पर्यंत हमारा मार्ग दर्शन करते हैं।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? 'दोहा दशक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

क्या निराश हुआ जाए

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) भ्रष्टाचार किस प्रकार लोगों को अपनी चपेट में लेता जा रहा है? भ्रष्टाचार को देखकर आज लोगों के मन में क्या प्रतिक्रिया है?

ii) सुनसान जगह पर बस खराब होने पर लोगों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iii) ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय क्यों माना जाता है? मनुष्य के भीतर कौन से विकार स्वाभाविक रूप से मौज़ूद रहते हैं?

iv) नौजवानों ने ड्राइवर को पकड़कर मारने-पीटने का हिसाब क्यों बनाया?

v) धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता पर कानून को दिया जा सकता है। ऐसा क्यों कहा गया है?

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

vi) आज मनुष्य के भीतर से मानवीय संवेदनाओं का लोप होता जा रहा है – कैसे? बताइए।

ठुकरा दो या प्यार करो

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) 'ठुकरा दो या प्यार करो' कविता में कवयित्री की भक्ति किस भाव की है?

ii) कवयित्री भगवान के समक्ष क्यों उपस्थित हुई है? कवयित्री ईश्वर के चरणों में अपना सर्वस्व क्यों अर्पित करना चाहती हैं?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iii) 'मैं उन्मत्त प्रेम की प्यासी' - यहाँ कौन किसके प्रेम का प्यासा है और क्यों?

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

iv) ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए क्या करना पड़ता है? क्या आप ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार करते हैं? क्यों?

v) 'ठुकरा दो या प्यार करो' कविता में क्या संदेश दिया गया है? सुभद्राकुमारी चौहान की रचनाओं के नाम लिखिए।

प्रियतम

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मेलिखिए –

i) सच्ची भक्ति क्या होती है? यदि आप ईश्वर को प्रसन्न करना चाहते हैं तो आपको क्या करना होगा?

ii) नारदजी विष्णुजी की किस बात पर चकित हो गए? क्या नारदजी विष्णुजी के परम भक्त थे?

iii) नारदजी को क्या भ्रम था? उनके इस भ्रम को किसने और कैसे दूर किया?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए –

iv) विष्णु जी ने किसान को अपना परम भक्त क्यों बताया?

v) 'उसकी परीक्षा लूँगा ।' यहाँ कौन किसकी एवं कैसी परीक्षा लेने की बात कर रहा है?

निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 70- शब्दों में लिखिए –

vi) क्या ईश्वर का नाम मात्र लेने से आप ईश्वर के सच्चे भक्त कहलाएंगे? 'प्रियतम' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## <u>व्याकरण</u>

<u>पत्र-लेखन</u> -

i) अपने मुहल्ले की साफ-सफाई का आग्रह करते हुए नगर-निगम अधिकारी या प्रबंधक को पत्र लिखिए ।

ii) बस वाहनों की अनियमितता की शिकायत करते हुए परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखिए ।

iii) ठीक ढंग से डाक वितरण न होने की जानकारी देते हुए अपने क्षेत्र के डाक अधिकारी को पत्र लिखिए ।

iv) आपकी कक्षा का बोर्ड चिकना हो गया है। जिस पर कुछ दिखता नहीं । इस बात की सूचना देते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

v) आपके इलाके में रोज़ाना चोरी-डकैती की घटनाएँ हो रही हैं । इस बात की शिकायत करते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए ।

vi) आपके मित्र की मोटर साइकिल चोरी हो गई है । इस बात की जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखिए ।

<u>अनुच्छेद लेखन</u>

1. कंप्यूटरः हमारे जीवन की खास जरूरत, 2. प्रातःकालिन सैर, 3. परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, 4. मानवता सबसे बड़ा धर्म, 5. युवा शक्ति और शिक्षा, 6. धर्म और संप्रदाय।

<u>विज्ञापन-लेखन</u> -

i) किसी स्वास्थ्य-वर्धक पेय पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए ।

ii) एक आकर्षक मोटर साइकिल बाज़ार में आई है।इस पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

iii) आपकी त्वचा को मुलायम बनाने वाले क्रीम पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए ।

iv) किसी ठंडे पेय पर 25-30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

v) किसी चॉकलेट पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

vi) स्मरणशक्ति बढ़ाने वाली गोली पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

<u>संवाद-लेखन</u> -

i) वृक्षों की उपयोगिता –इस विषय पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

ii) त्योहार का हमारे जीवन में महत्व – इस विषय पर शिक्षक और शिष्य के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

iii) बेटे को परोपकार का महत्व बताते हुए पिता और बेटे के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

iv) समाज में बढ़ता भ्रष्टाचार – विषय पर शिक्षक और शिष्य के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

v) शिक्षा का महत्व बताते हुए पिता और पुत्र के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

vi) 'लड़का – लड़की एक समान' विषय पर दो अभिभावकों के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

चित्र वर्णन







